वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे

दिल्ली विकास प्राधिकरण

2022-23

डीडीए मुख्यालय विकास सदन

डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, द्वारका

नेहरू प्लेस स्काईवॉक

नरेला फ्लैट्स

दिल्ली विकास प्राधिकरण

(आवास और शहरी कार्य मंत्रालय)

दिल्ली विकास प्राधिकरण

लेखापरीक्षा रिपोर्ट

वर्ष

2022-23

दिल्ली विकास प्राधिकरण

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए दि.वि.प्रा. के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट।

1. हमने दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 25(2) के उपबंधों के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा-शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(2) के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण के 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के संलग्न तुलन-पत्र और उस तिथि को समाप्त वर्ष के आय एवं व्यय लेखे/प्राप्ति और भुगतान लेखा की लेखापरीक्षा की है। इन वित्तीय विवरणों की जिम्मेदारी डी.डी.ए. प्रबंधन की है। हमारा दायित्व अपनी लेखा-परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय देने का है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में, केवल वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखांकन पद्धतियों के साथ अनुरूपता, लेखांकन मानक और प्रकटीकरण (डिसक्लोजर) मानकों आदि के संबंध में लेखांकन प्रणाली पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां शामिल है। विधि, नियमों और विनियमों (औचित्य और नियमनिष्ठता) के अनुपालन तथा दक्षता एवं निष्पादन पहलू आदि, यदि कोई हो, के संबंध में वित्तीय लेन-देन पर लेखा-परीक्षा टिप्पणियां निरीक्षण रिपोर्टों/सीएजी की लेखा परीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से पृथक रूप से दी गई है।

3. हमने अपनी लेखा-परीक्षा लागू नियमों और भारत में सामान्यतः स्वीकार किए गए लेखा-परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम लेखा-परीक्षा की योजना इस प्रकार बनाएं और निष्पादित करें कि वित्तीय विवरण में किसी प्रकार की गलतबयानी न होने के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त किया जा सके। हमारी लेखा-परीक्षा में परीक्षण आधार पर जांच, राशियों का समर्थन करने वाले साक्ष्य और वित्तीय विवरणों में उनका प्रकटीकरण (डिसक्लोजर) शामिल है। हमारी लेखा-परीक्षा में प्रयोग किए गए लेखांकन सिद्धांतों का आकलन और प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए महत्वपूर्ण अनुमानों के साथ-साथ वित्तीय विवरणों की समस्त प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखा-परीक्षा हमारी राय के लिए उचित आधार प्रदान करती है।

4. अपनी लेखा-परीक्षा के आधार पर हम कहना चाहते है किः-

(i) हमने सारी सूचना और स्पष्टीकरण, जो जहाँ तक हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा-परीक्षा के लिए आवश्यक थी, प्राप्त की है।

(ii) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने नीचे दिए प्रारूप में लेखे तैयार किएः-

क) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लेखों के समान प्रारूप में तैयार किए गए सामान्य विकास खातों के संबंध में तुलन-पत्र, आय एवं व्यय लेखा और प्राप्ति एवं भुगतान लेखे।

ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण (बजट और लेखा) नियम, 1982 के अंतर्गत तैयार किए गए नजूल-I के संबंध में तुलन-पत्र, आय एवं व्यय लेखा, प्राप्ति एवं भुगतान लेखा।

ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण (बजट और लेखा) नियम, 1982 के अंतर्गत तैयार किए गए नजूल- II के संबंध में प्राप्ति एवं भुगतान लेखा।

(iii) हमारी राय में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 25(1) के अंतर्गत तथा अपेक्षित उचित लेखा बही और अन्य संबंद्ध रिकार्ड का रखरखाव किया गया है, जैसा कि इन खाता-बहियों की हमारी जांच के दौरान देखा गया है।

(iv) हम यह भी कहना चाहते हैं किः

क. नजूल-I

तुलन - पत्र

1. देयताएँ- 357.99 करोड़ रुपये

उपर्युक्त के अंतर्गत 30.24 करोड़ रुपये की राशि ''पिछले तुलन-पत्र के अनुसार देयताओं पर परिसंपत्तियों की अधिकता'' के रूप में शामिल है, जो उचंत खाते की प्रकृति की है और राशि के समाशोधन (क्लीयरेंस) में बिना किसी प्रगति के वर्ष दर वर्ष अग्रेषित किया जा रहा है। चूंकि उपर्युक्त राशि के समर्थन में कोई विवरण नहीं है और समाधान के बारे में किसी प्रगति के अभाव में राशि का औचित्य और तुलन-पत्र स्वत: सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।

परिसंपत्तियां

2. विविध देनदार-105.91 करोड़ रुपये (अनुसूची डी)

दि.वि.प्रा. सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 की धारा 7 के तहत 'नजूल करार' के माध्यम से तत्कालीन दिल्ली इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के निपटान में रखी गई सरकारी भूमि के अनधिकृत कब्जाधारियों से ब्याज सहित क्षति शुल्क वसूल करने के लिए अधिकृत है। हालांकि, 2018-19 से बार-बार पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में टिप्पणी किए जाने के बावजूद, भी दि. वि. प्रा. ने वर्ष 2022-23 के लिए क्षति शुल्क के रूप में वसूली योग्य राशि की गणना नहीं की है।

ख. नजूल-II

प्राप्तियां और भुगतान खाता

1. अन्य विविध प्राप्तियां - 61.78 करोड़ रुपये

अन्य विविध प्राप्तियों के तहत बुक किए गए 61.78 करोड़ रुपये की राशि का विवरण संबंधित संपत्ति के साथ स्पष्ट रूप से पता लगाए जाने योग्य नहीं था और न ही इसका समाशोधन किया गया था। इसके अलावा, बिना किसी विवरण के विविध प्राप्तियों के तहत इतनी बड़ी राशि की बुकिंग के लिए दि. वि. प्रा. में समीक्षा की आवश्यकता है। विवरण/समाशोधन के अभाव में, 61.78 करोड़ रुपये की विविध प्राप्तियों की राशि लेखापरीक्षा में प्रमाणित नहीं की जा सकी। यह मामला 2019-20 में भी उजागर (हाइलाइट किया) गया है।

2. नजूल-II के लिए तुलन-पत्र तथा आय एवं व्यय लेखा तैयार न करना

नजूल - II भारत सरकार की ओर से डीडीए द्वारा भूमि के बड़े पैमाने पर अधिग्रहण, विकास और निपटान कार्यकलापों से संबंधित है। नजूल-II लेखों के संबंध में डीडीए ने केवल प्राप्ति एवं भुगतान लेखा तैयार किया। इसके परिणामस्वरूप, नजूल-II खातों की परिसंपत्तियों और देयताओं को वित्तीय विवरणों में नहीं दर्शाया गया है ।लेखा परीक्षा, वर्ष 2012-13 से नजूल- II का तुलन-पत्र तथा आय-व्यय लेखा तैयार न करने पर बार-बार टिप्पणी कर रहा है। तथापि, अभी तक कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

ग. सामान्य विकास खाता

तुलन-पत्र (सामान्य विकास खाता)

1. देयताएं

1.1 अन्य देयताएं

डीडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं के आबंटितियों से अग्रिमः- 410.15 करोड़ रुपये आबंटितियों से अग्रिम - एम.ओ.आर. भूमि- 9.06 करोड़ रुपये

डीडीए ने 410.15 करोड़ रुपये को 'डीडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं के आबंटितियों से अग्रिम' और 9.06 करोड़ रुपये अन्य देयताओं (अनुसूची सी) शीर्ष के अंतर्गत - 'आबंटितियों से अग्रिम - पुनर्वास मंत्रालय

भूमि' के रूप में मान्यता दी है। हालांकि इस राशि के समर्थन में प्राप्त अग्रिमों का आबंटिती-वार विवरण, उनकी प्राप्ति की तिथि और आबंटन की वर्तमान स्थिति उपलब्ध नहीं है। उपर्युक्त विवरणों के अभाव में, लेखापरीक्षा डीडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं के आबंटितियों से अग्रिम' और' आबंटितियों से अग्रिम - एम.ओ.आर. भूमि शीर्ष के अंतर्गत शेष राशि 419.21 करोड़ रुपए की सटीकता के बारे में आश्वासन प्राप्त करने में असमर्थ थी। इस मुद्दे पर लेखापरीक्षा द्वारा वर्ष 2019-20 से टिप्पणी की गई है तथापि, प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

1.2 बयाना जमा राशि/पंजीकरण राशि- 24.97 करोड़ रुपये

उपर्युक्त विभिन्न आवेदकों से प्राप्त आवेदन राशि को दर्शाता है और चूंकि उन्हें फ्लैट आबंटित नहीं किए गए थे, इसलिए वह राशि वापसी योग्य थी। हालांकि, डीडीए ने 2004 से राशि के लंबित होने के बावजूद संबंधित आबंटितियों को बयाना जमा राशि/पंजीकरण राशि वापस करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। विस्तृत अनुसूची के अभाव में, राशि की शुद्धता की पुष्टि नहीं की जा सकी और खातों पर इसका प्रभाव बढ़ता गया। वर्ष 2021-22 के दौरान, प्रबंधन ने उचित कार्रवाई करके देनदारियों को कम करने का आश्वासन दिया, हालांकि इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है।

1.3 जी.डी.ए.-उचंत खाता- 13.26 करोड़ रुपये

वित्तीय वर्ष क्रमश: 2019-20, 2020-21 और 2021-2022 के लिए डीडीए के वित्तीय विवरण पर एसएआर के अनुलग्नक हेतु संदर्भ आमंत्रित किया गया, जिसमें उचंत खाते के समाधान नहीं होने के मुद्दे का उल्लेख किया गया था। तथापि, यह पाया गया कि 13.26 करोड़ रुपये की राशि (पिछले वर्ष 13.19 करोड़ रुपए) दिनांक 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार अभी तक 'उचंत खाते' के अंतर्गत दर्शायी गई है। डीडीए द्वारा इस संबंध में सुधारात्मक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

2. परिसंपत्तियाँ

वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण और अग्रिम (अनुसूची एफ)

विविध देनदार- 540.47 करोड़ रुपए

लेखा टिप्पणियों की टिप्पणी संख्या 11 (अनुसूची-ओ) में यह सूचित किया गया है कि 31 मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार विविध देनदारों के विधिवत समाशोधित पार्टीवार और आयुवार विवरण आसानी से उपलब्ध नहीं है। डीडीए देनदारों का पार्टीवार और आयुवार ब्यौरा (295.85 करोड़ रू के जल प्रभारों को छोड़कर) नहीं रख रहा है, इसलिए लेखा परीक्षा 244.62 करोड़ रुपए की राशि के विविध देनदारों की प्रमाणिकता, मौजूदगी और वसूली योग्यता को सुनिश्चित करने में समर्थ नहीं है। लेखा पर टिप्पणियों में केवल इस बात का प्रकटीकरण पर्याप्त नहीं है कि देनदारों का समाधान नहीं किया गया था । वर्ष 2013-14 से पूर्ववर्ती एसएआर में इस मुद्दे को बार-बार उठाने के बावजूद डीडीए आज तक विविध देनदारों के पार्टीवार और आयुवार ब्यौरों का रखरखाव नहीं कर पाया है ।

3. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (अनुसूची एन)

इन्वेंट्रीज (मद सं. 7)

महत्वपूर्ण लेखांकन नीति (अनुसूची-एन) के मद सं. 7 के अनसार इन्वेंट्रीज का मूल्य निर्धारण कम लागत अथवा निवल वसूली मूल्य (एन.आर.वी.) पर किया जाता है। 'इन्वेंट्रीज का मूल्यांकन' लेखांकन मानक-2 से संबंधित पैरा 25 में स्पष्ट है कि मूल्यांकन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को एन.आर.वी. का किया जाता है। एनआरवी का ऐसा कोई मूल्यांकन डीडीए द्वारा नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप एएस-2 और महत्वपूर्ण लेखांकन नीति से. 7 का उल्लंघन हुआ है। इसके अलावा, लेखा की टिप्पणियों में इन्वेंट्रीज की कीमत का

मूल्यांकन न किए जाने को भी उपयुक्त रूप से प्रकट नहीं किया गया । इस बारे में वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में भी लेखा परीक्षा ने टिप्पणी की थी लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

4. लेखा की टिप्पणियां (अनुसूची ओ)

4.1 सामान्य

खातों के समान प्रारुप के अनुसार, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का प्रकटीकरण लागत/बही मूल्य पर किया जाना चाहिए। हालांकि, ऐसे मूल्य और बाजार मूल्य के बीच का अंतर तुलन-पत्र के नोट्स/टिप्पणी में दिया जाना चाहिए। लेखा-परीक्षा में पाया गया कि खातों के नोट्स में अंतर का प्रकटीकरण नहीं किया गया।

4.2 कर्मचारी लाभ - टिप्पणी सं. 4

टिप्पणी 4 (ii) में कहा गया है कि प्राधिकरण ने 31.03.2023 को प्राधिकरण की पंशन देयता बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार 7,939.48 करोड़ रुपये थी, जिसमें 676.31 करोड़ रुपये की राशि वर्तमान वर्ष से संबंधित है। यद्यपि, यह देखा गया कि पेंशन ट्रस्ट डीड के उल्लंघन में डीडीए पेंशन ट्रस्ट को निधि हस्तांतरित करने के अपने दायित्व को पूरा नहीं कर रहा था, जैसा कि बीमांकक द्वारा गणना की गई थी। डीडीए द्वारा पेंशन ट्रस्ट को वर्षवार अंशदान और कमी दर्शाने वाला विवरण नीचे दिया गया है:-

(राशि करोड़ रु. में)

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
बीमांकक द्वारा परिकलित पेंशन देयता राशि	559.01	623.49	508.72	529.84	676.31
डीडीए द्वारा अंतरित राशि	99	208	235	259.10	390.02
कमी	460.01	415.49	273.72	270.74	286.29

इस प्रकार, उपरोक्त से, यह दर्शाया गया है कि पेंशन ट्रस्ट को प्रेषण में कमी 2018-19 में 460.01 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 1,706.25 करोड़ रुपये हो गई है।

इसलिए, टिप्पणी अधूरी थी क्योंकि पेंशन फंड ट्रस्ट को प्रेषण में कमी का प्रकटन नहीं किया गया है। यह मुद्दा वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान भी उठाया गया था, तथापि, प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

4.3 निर्धारित निधि - टिप्पणी सं. 9

प्रत्येक निर्धारित निधि की परिसंपत्तियों और देनदारियों के शेष में अंतर था जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:-

(राशि करोड़ रु. में)

	कुल देयताएँ	कुल परिसंपत्तियाँ
शहरी विकास निधि	4,620.67	4,428.78
कर्मचारी हित निधि	0.57	0.34
सिविल कार्य रख-रखाव निधि	784.74	709.17
इलेक्ट्रिकल कार्य रख-रखाव निधि	117.38	108.17
यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि	7.55	7.58
ईडब्ल्यू आवास आरक्षण निधि	462.13	2220.07
विशेष विकास निधि	84.89	51.28

इस तथ्य का नोट्स में खुलासा/प्रकटीकरण नहीं किया गया है कि खातों के समान प्रारुप के सामान्य नोट्स की अनुसूची 3 के मद (ख) के अन्तर्गत यथा अपेक्षित, निर्धारित निधि को विशेष रुप से निर्धारित निवेश अथवा अन्य परिसंपत्तियों द्वारा दर्शाया नहीं गया है।

घ. प्रबंधन-पत्र

ऐसी कमियों, जिन्हें पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है, को निवारक/सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अलग से जारी किए गए प्रबंधन-पत्र के माध्यम से उपाध्यक्ष, दि.वि.प्रा. के संज्ञान में लाया जाएगा।

(v). पिछले पैराग्राफों में हमारी टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि इस रिपोर्ट से संबंधित तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) और आय और व्यय खाता/प्राप्ति और भुगतान खाता लेखा-बहियों के अनुरूप हैं।

(vi). हमारी राय में एवं हमारी जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण तथा इस लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक में उल्लिखित अन्य सामग्री के अनुसार लेखांकन नीतियों और लेखों पर टिप्पणियों के साथ पढ़े जाने वाला उक्त वित्तीय विवरण भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रकट करता है:-

क) जहां तक कि यह 31 मार्च 2023 को दिल्ली विकास प्राधिकरण के कार्यों की स्थिति के तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) से संबंधित है, और

ख) जहां तक कि यह उस तिथि को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए घाटे के आय और व्यय खाते से संबंधित है।

कृते
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
तथा उनकी ओर से

हस्ता/-
(राजीव कुमार पांडे)
महानिदेशक लेखा परीक्षा (अवसंरचना)
नई दिल्ली

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 15 मार्च, 2024

31 मार्च, 2023 का समाप्त वर्ष के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के लेखों पर पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक

1. आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता

उप मुख्य लेखाधिकारी की अध्यक्षता में दिल्ली विकास प्राधिकरण (दिविप्रा) की आतंरिक लेखापरीक्षा उसके अपने आंतरिक लेखापरीक्षा विंग द्वारा संचालित की जा रही है। आंतरिक लेखापरीक्षा विंग के प्रशासनिक कंट्रोल के अंतर्गत 216 लेखापरीक्षा योग्य इकाइयों में से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 52 इकाइयों की आंतरिक लेखापरीक्षा की योजना बनाई गई थी, जिनमें से वर्ष के दौरान केवल 34 इकाइयों की लेखापरीक्षा की जा सकी थी। इस प्रकार, आंतरिक लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र संगठन के आकार के अनुरूप नहीं था। इसके अलावा, 31.03.2023 तक 18,131 बकाया पैरा का निपटान किया जाना है।

2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता

आंतरिक नियंत्रण को विशेष रूप से निम्नलिखित के संबंध में और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है:

(i) दि.वि.प्रा. में कोई अनुमोदित व्हिसल ब्लोअर नीति नहीं है। सभी कर्मचारियों को भ्रष्ट, अनैतिक आचरण, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, प्राधिकरण की आचार संहिता के संभावित उल्लंघन जैसे किसी भी कदाचार के खिलाफ अपने मुद्दे उठाने में सक्षम बनाने के लिए व्हिसल ब्लोअर नीति तैयार करने की आवश्यकता है। एक इस तरह की नीति की भी आवश्यकता है, जो यदि कोई कर्मचारी इकाई में किसी गलत कार्य के लिए आवाज उठाता है, तो यह रिपोर्टिंग प्रक्रिया और जांच तंत्र की रूपरेखा तैयार करेगी।

(ii) प्रभावी लेखांकन और नियंत्रण के लिए कोई परिचालन, वित्तीय और लेखांकन मैनुअल या मानक संचालन प्रक्रिया नहीं है। प्राधिकरण की ओर से उत्तर दिया गया है कि डीडीए के लिए बजट एवं लेखा नियम, 1982 लेखांकन मैनुअल के रूप में काम करता है। यह उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि नियम मैनुअल का काम नहीं कर सकते इसलिए नियमों के आधार पर एस.ओ.पी. तैयार किए जाएं।

(iii) कोई निर्धारित, प्रलेखित या अनुमोदित प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) नहीं है।

(iv) दि.वि.प्रा. की कोई जोखिम मूल्यांकन नीति नहीं है।

(v) दि.वि.प्रा. की धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम की कोई अनुमोदित नीति नहीं है।

(vi) दि.वि.प्रा. ने विभिन्न संचालनों, प्रक्रियाओं और गतिविधियों में कदमों की सूची तैयार करने के लिए फ्लो चार्ट तैयार नहीं किया है, जो इसके कामकाज के लिए विशिष्ट थे।

(vii) प्राधिकरण ने क्रेताओं द्वारा किए गए भुगतान और चालानों की प्रतियों का कोई विवरण नहीं रखा है, इसलिए वह क्रेताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों पर निर्भर है। इसके अलावा, यह पता लगाने के लिए ऐसी कोई प्रणाली नहीं है कि बैंक में प्राप्त की गई राशि का भुगतान किस सम्पत्ति से संबंधित है।

(viii) प्राधिकरण ने पट्टे पर दी गई सम्पत्तियों, पट्टे को सम्पत्ति से प्राप्त होने वाले किराये और पट्टे की सम्पत्तियों के लंबित किराये के लेखांकन का विवरण नहीं रखा है। इसके अभाव में लेखापरीक्षा लाइसेंस फीस के रूप में लेखांकित आंकड़ों की सटीकता और संपूर्णता को निश्चित कर पाने में असमर्थ है।

(ix) उपार्जित आधार पर लेखों को तैयार न करना

दि.वि.प्रा. की सात केन्द्रीय लेखांकन इकाइयाँ हैं, जैसे कि सी.ए.यू. (उत्तरी क्षेत्र), सी.ए.यू. (दक्षिणी क्षेत्र), सी.ए.यू. (पूर्वी क्षेत्र), सी.ए.यू.(द्वारका), सी.ए.यू. (रोहिणी), सी.ए.यू. (पी. और सी. डब्ल्यू. जी.) और सी.ए.यू. (खेल)। इसके अतिरिक्त, सी.ए.यू. के अलावा सात लेखांकन इकाइयां जैसे-रोकड़ (मुख्य), रोकड़ (आवास), कर्मचारी हित निधि, चिकित्सा, भीकाजी कामा प्लेस, वेतन एवं लेखा कार्यालय और यूटीपैक हैं। दि.वि.प्रा.

मुख्यतः सी.ए.यू. स्तर पर मासिक लेखा तैयार करने के लिए के.लो.नि.वि. के पैटर्न का अनुसरण करता है। सी.ए.यू. द्वारा दिए गए मासिक लेखा मुख्यालय स्तर पर वर्गीकृत और समेकित सार में दर्ज किए जाते हैं। वर्ष के अंत में समायोजन प्रविष्टियों को पारित करके कर परामर्शदाता द्वारा नकद आधार लेखों को उपार्जन आधार लेखों में परिवर्तित करके लेखों को अंतिम रूप दिया जाता है। इस प्रकार, जब भी लेन-देन किया जाता है, दिल्ली विकास प्राधिकरण अपने लेन-देन का रिकार्ड उपार्जित आधार पर नहीं रखता है। कुछ तदनुकूल लेखांकन सॉफ्टवेयर सिस्टम को लागू करने हेतु तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है, जो दि.वि.प्रा. की लेखा प्रणाली को सुचारू बनाने में मदद करेगा। यह दि.वि.प्रा. द्वारा आंतरिक नियंत्रण में कमी और खराब निगरानी को दर्शाता है। यह टिप्पणी वर्ष 2020-2021 और 2021-22 के दौरान भी की गई थी, हालांकि प्रबंधन द्वारा कोई भी संशोधनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

(x) आंतरिक नियंत्रण की कमी और अपर्याप्त निगरानी के परिणामस्वरूप अतिक्रमण की गई भूमि के मासिक विवरण को प्रस्तुत नहीं किया जाना

दि.वि.प्रा. ने दिनांक 27 सितंबर, 2018 के आदेश द्वारा डीडीए में भूमि संरक्षण हेतु प्रक्रिया और प्रणाली के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया था कि संबंधित अधीक्षण अभियंता निर्धारित प्रारुप में प्रत्येक माह के दौरान पता लगे/रिपोर्ट किए गए अतिक्रमणों की संख्या, निर्माण गिराने की कार्रवाई किए गए मामलों की संख्या, अनुमोदित किए गए मामलों की संख्या और निष्पादित किए गए निर्माण गिराने के कार्यक्रमों के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। तथापि, लेखा परीक्षा ने यह पाया कि संबंधित अधिकारी द्वारा कोई मासिक रिपोर्ट तैयार नहीं की गई तथा रोहिणी जोन में अनधिकृत अधिभोगियों द्वारा 506 फ्लैटों का अधिभोग किया हुआ था। इसके अतिरिक्त, अन्य जोनों में भी अतिक्रमण का विवरण नहीं रखा गया। यह अतिक्रमण के संबंध में डीडीए के दिशा-निर्देशों के पालन को उल्लंघन दर्शाता है। यह मामला वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान भी उठाया गया था, हालॉकि प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

3. इनवेंटरी के वास्तविक सत्यापन की प्रणाली।

सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) 2017 के नियम 213 (2) के अनुसार, वर्ष में कम से कम एक बार सभी उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सामग्रियों का वास्तविक सत्यापन किया जाए और यदि कोई विसंगति हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई हेतु उसे स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाए। इस संबंध में डीडीए ने अपनी इकाइयों द्वारा प्रदत्त वास्तविक मौजूदा माल की पुष्टि करते हुए वास्तविक सत्यापन प्रमाणपत्र पर विचार किया है, तथापि लेखा परीक्षा को सभी मालसूचियों के वास्तविक सत्यापन की मदवार रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके अभाव में तुलन पत्र में दर्शायी गई मालसूची की प्रमाणिकता के संबंध में लेखापरीक्षा आश्वस्त नहीं है।

4. सांविधिक देयताओं के भुगतान में नियमितता

लेखापरीक्षा के दौरान देयताओं के भुगतान में कोई कमी नहीं देखी गई।

5. अचल संपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली

सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 213(1) के अनुसार अचल संपत्तियों की सूची का रखरखाव सामान्य रूप से साइट पर किया जाएगा। अचल संपत्तियों को वर्ष में कम से कम एक बार सत्यापित किया जाना चाहिए और सत्यापन के परिणाम को संबंधित रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए। इस संबंध में दि.वि.प्रा. ने अपनी इकाइयों द्वारा संपत्तियों की वास्तविक मौजूदगी के विषय में उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट की पुष्टि करने वाले वास्तविक सत्यापन प्रमाण पत्र पर विचार किया है। तथापि, सभी अचल संपत्तियों की मदवार वास्तविक सत्यापन रिपोर्ट लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई थी, जिसके अभाव स्वरूप लेखापरीक्षा तुलन पत्र में दर्शायी गई अचल संपत्तियों की प्रमाणिकता और मौजूदगी के संबंध में आश्वासन देने में असमर्थ है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण

वार्षिक लेखा

वर्ष

2022-23

दिल्ली विकास प्राधिकरण

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वार्षिक लेखा

2022-23

दिल्ली विकास प्राधिकरण

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

31 मार्च - 2023 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	अनुसूची	31-मार्च-2023 को	31-मार्च-2022 को
कोर्पस/पूंजीगत निधि और देयताएं			
आरक्षित एवं अधिशेष	ए	8,690.41	9,028.71
निर्धारित/अक्षय निधि	बी	6,079.66	6,200.71
वर्तमान देयताएं एवं प्रावधान	सी	12,778.79	12,130.49
कुल		**27,548.86**	**27,359.91**
परिसंपत्तियां			
स्थायी परिसंपत्तियां	डी	163.93	160.44
प्रगतिधीन पूंजीगत कार्य		0.00	9.89
निर्धारित परिसंपत्तियां/अक्षय निधि	ई	7,527.41	8,429.41
वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिम	एफ	19,857.52	18,760.17
कुल		**27,548.86**	**27,359.91**
वित्तीय विवरण के भाग की अनुसूची	ए-पी		
नकद और बैंक में अंतिम शेष को दर्शाने वाला विवरण	एम		
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	एन		
लेखों पर टिप्पणियां	ओ		
निवेश के अंतिम शेष को दर्शाने वाला विवरण	पी		

हस्ता/-	हस्ता/-	हस्ता/-	हस्ता/-
लेखाधिकारी (लेखा मुख्य)	**उप मुख्य लेखाधिकारी (लेखा)**	**निदेशक(वित्त)**	**मुख्य लेखाधिकारी**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

31 मार्च - 2023 को समाप्त वर्ष हेतु आय एवं व्यय खाता

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	अनुसूची	31-मार्च-2023 को समाप्त वर्ष हेतु		31-मार्च-2022 को समाप्त वर्ष हेतु	
आय					
बिक्री/सेवाओं से आय	जी		1,036.92		803.40
निवेश से आय	एच		84.92		87.30
अन्य आय	आई		201.41		155.67
स्टॉक एवं कार्य में वृद्धि/(कमी) - ई.डब्ल्यू.एस.	जे.1		37.91		309.61
स्टॉक एवं कार्य में वृद्धि/(कमी) - अन्य	जे.2		1,087.31		1,070.18
सकल योग			**2,448.46**		**2,426.16**
ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित आय			227.64		320.92
कुल आय			**2,220.82**		**2,105.24**
व्यय					
विकास एवं निर्माण व्यय					
-भूमि एवं संबंधित कार्य		2.34		0.76	
-विनिर्दिष्ट आवास योजना-ई.डब्ल्यू.एस. आवास		208.40		304.76	
-अन्य आवासीय योजनाएं		179.81		1,561.95	
-अन्य विकास व्यय		1,420.66		12.45	
-निपटाए गए माध्यस्थम् मामले		13.76		42.11	
-व्यावसायिक सम्पदा		0.01	1,824.98	11.75	1,933.78
सम्पत्तियों का रख-रखाव			109.59		111.42
संस्थापना एवं प्रशासन	के		341.51		436.23
नजूल.II से ब्याज			319.45		284.36
मूल्यह्रास	डी		15.77		17.21
सकल योग			**2,611.30**		**2,783.00**
ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित व्यय			208.40		304.76
कुल व्यय			**2,402.90**		**2,478.24**
पूर्व अवधि मदों तथा असाधारण मदों से पहले व्यय पर आय की अधिकता			**-182.08**		**-373.00**
पूर्व अविध आय/(व्यय)-ई.डब्ल्यू.एस.	एल				
पूर्व अवधि आय/(व्यय)			2.82		-6.58
असाधारण मदों कें बाद वर्ष के लिए व्यय पर आय की अधिकता			**-179.26**		

हस्ता/-
लेखाधिकारी (लेखा मुख्य)

हस्ता/-
उप मुख्य लेखाधिकारी (लेखा)

हस्ता/-
निदेशक(वित्त)

हस्ता/-
मुख्य लेखाधिकारी

दिल्ली विकास प्राधिकरण
सामान्य विकास खाता
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु प्राप्तियां एवं भुगतान खाता

प्राप्तियां (करोड़ रु. में)					भुगतान (करोड़ रु. में)				
लेखा शीर्ष	**2022-23**		**2021-22**		**लेखा शीर्ष**	**2022-23**		**2021-22**	
प्रारंभिक शेष									
नकद	0.01	-	0.06		प्रशासन एवं संस्थापना	260.89		278.99	
बचत खाते में शेष	1,412.37	-	1,526.96		घटाएँ: कार्य से वसूल की गई राशि				
ट्रांजिट में प्रेषित धनराशि	4.45	-	0.13		**कुल**	**260.89**		**278.99**	
	1,416.82		**1,527.15**						
घटाएं: निम्नलिखित खातों से संबंधित लेनदेन का शेष					घटाएँ: वूसल की गई शेयर लागत				
नजूल-I	6.44	-	2.34		नजूल खाता-I	2.35		1.73	
नजूल-II	850.19	-	705.58		नजूल खाता-II	177.41		157.65	
विशेष जमा राशि नजूल- II	-	-	-		दिल्ली मुख्य योजना	0.26		0.57	
	560.19		**819.23**		**अंतरित की गई कुल शेयर लागत**				
जोड़ें: सावधि जमा-सामान्य निवेश	-	560.19		819.23			80.88		119.04
कार्य एवं विकास योजनाओं से राजस्व					**कार्य एवं विकास योजनाओं पर व्यय**		123.59		119.06
भूमि के निपटान से प्राशुल्क	147.92		2.59						
आवासों एवं दुकानों के निपटान से प्राशुल्क	665.59	813.51	853.29	855.88	**आवासों एवं दुकानों के निर्माण पर व्यय**		1,622.51		1,875.20
लाइसेंस शुल्क	-	46.09	-	44.34	पंजीकरण राशि एवं धन वापसी (रिफंड) पर ब्याज (रिफंड)				
भू भाटक	-	2.64	-	1.91	भंडार				
सामान्य निवेश पर ब्याज	-	-	-	-	विविध व्यय		18.15		1.69
अन्य राजस्व		153.38	-	115.85	स्थायी परिसंपत्तियों की खरीद		7.79		3.44
सामान्य निवेश	-	-	-	-	**सामान्य निवेश**				
निवेश का नकदीकरण	-	-	-	-	किया गया निवेश		3.33		
शहरी विकास निधि			-	-	**शहरी विकास निधि**				
निवेश का नकदीकरण	2,398.61	-	3,794.60	-	निवेश	2,104.52		3,615.06	
परिवर्तन प्रभार	124.80	-	53.22	-	परिवर्तन प्रभार धन वापसी (रिफंड)	8.28		1.96	
निवेश पर ब्याज	303.93	-	369.00	-					
यूडीएफ में पेंशन से प्राप्त	-	-	80.98	-	यूडीएफ से पेंशन निधि ट्रस्ट को भुगतान			85.54	
यूडीएफ में नजूल-II से प्राप्त राशि	1,647.08	-	3,371.84	-	यूडीएफ से नजूल II को भुगतान	1,712.65		3,369.55	
यूडीएफ में सीएमएफ से प्राप्त राशि	3.10	-	-	-	यूडीएफ से सीएमएफ को भुगतान की गई राशि	3.10			
आकस्मिक से यूडीएफ को प्राप्त राशि	53.00	-	-	-	यूडीएफ से आकस्मिक को भुगतान	53.00		5.98	

प्राप्तियां (करोड़ रु. में)					भुगतान (करोड़ रु. में)				
लेखा शीर्ष	**2022-23**		**2021-22**		**लेखा शीर्ष**	**2022-23**		**2021-22**	
परिवर्तन प्रभारों पर ब्याज	6.37	-	-	-					
यू.डी.एफ. बचत पर ब्याज	0.53	4,537.42	6.13	7,675.77	अन्य विभागों को अनुदान एवं ऋण	689.76	4,571.30	641.36	7,719.46
नई पेंशन योजना					**नई पेंशन योजना**				
एनपीएस के लिए प्राप्त कर्मचारी अंशदान		15.40		12.79	एनपीएस अंशदान हेतु एनएसडीएल को भुगतान		47.27		25.99
व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी					**व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी**				
कर्मचारियों से अंशदान		0.05		0.04	भुगतान किया गया मुआवजा		-		
ईडब्ल्यूएस आवास रिजर्व					**ईडब्ल्यूएस आवास रिजर्व**				
निवेश का नकदीकरण	0.17		171.02		किया गया निवेश	0.17			
ईडब्ल्यूएस बचत पर ब्याज	0.10		1.34						
ईडब्लयूएस निवेश पर ब्याज	2.79		11.41						
ईडब्लयूएस में नजूल II से प्राप्त राशि	8.25		65.46		ईडब्ल्यूएस से नजूल II को भुगतान की गई राशि	2.79		61.41	
ईडब्ल्यूएस में पेंशन से प्राप्त राशि	-	11.31		249.23	ईडब्ल्यूएस से पेंशन निधि ट्रस्ट को भुगतान	-	2.96		61.41
हितकारी निधि					**हितकारी निधि**				
कर्मचारी हित निधि के लिए प्राप्त कर्मचारी अंशदान		0.71		0.93	संवितरण		0.51		1.29
कर्मचारी हित निधि					**कर्मचारी हित निधि**				
निवेश का नकदीकरण	0.32		0.30		निवेश	0.33		0.32	
प्राप्त ब्याज	0.02		0.02		संवितरण				
नजूल-II से प्राप्त राशि	0.33	0.67		0.32	नजूल-II को भुगतान की गई राशि	0.33	0.66		0.32
विद्युत रख-रखाव निधि					**विद्युत रख-रखाव फंड निधि**				
निवेश का नकदीकरण	64.95		50.00		किया गया निवेश	31.16		58.21	
बचत पर प्राप्त ब्याज	0.10								
निवेश पर प्राप्त ब्याज	5.96		7.74		ईएमएफ एस्क्रो खाते को अंतरित राशि				
ईएमएफ में जीडीए से प्राप्त राशि					ईएमएफ से जीडीए को भुगतान की गई राशि				
ईएमएफ में नजूल II से प्राप्त राशि	60.45		18.22		ईएमएफ से नजूल II को भुगतान की गई राशि	60.45		17.93	
ईएमएफ में सीएमएफ से प्राप्त राशि		131.46	38.00	113.96	ईएमएफ से सीएमएफ को भुगतान की गई राशि		91.61	31.45	107.59
सिविल कार्य रख-रखाव योजना					**सिविल कार्य रख-रखाव योजना**				
निवेश का नकदीकरण	202.92		421.55		किया गया निवेश	277.09		475.70	
बचत पर प्राप्त ब्याज	0.02								
निवेश पर प्राप्त ब्याज	46.77		54.06						
सीएमएफ में नजूल II से प्राप्त राशि	231.25		450.21		सीएमएफ से नजूल II को भुगतान की गई राशि	232.18		453.90	

प्राप्तियां (करोड़ रु. में)					भुगतान (करोड़ रु. में)				
लेखा शीर्ष	**2022-23**		**2021-22**		**लेखा शीर्ष**	**2022-23**		**2021-22**	
सीएमएफ में पेंशन से प्राप्त राशि					सीएमएफ एस्क्रो खाते को अंतरित की गई राशि				
सीएमएफ में जीडीए से प्राप्त राशि					सीएमएफ से जीडीए को भुगतान की गई राशि				
सीएमएफ में ईएमएफ से प्राप्त राशि			31.45		सीएमएफ से ईएमएफ को भुगतान की गई राशि			38.00	
		480.97		957.27	ओटीएम का रिफंड रख-रखाव निधि	-	509.27	-	967.60
विशेष विकास निधि					**विशेष विकास निधि**				
निवेश का नकदीकरण	-				किया गया निवेश	36.80			
बचत पर ब्याज-यू सी सेल- एसडीएफ	0.30		0.30		संविदा स्टाफ को पारिश्रमिक (यूसी-सेल)	0.19		2.73	
एसडीएफ में नजूल-II से प्राप्त राशि	11.80		14.94		एसडीएफ से नजूल-II को भुगतान की गई राशि	33.12		8.24	
परिवर्तन प्रभार- अनधिकृत कॉलोनियां	69.73	81.83	21.93	37.17	परिवर्तन प्रभार- अनधिकृत कॉलोनियां	0.43	70.55		10.97
दि.वि.प्रा. प्रदूषण जुर्माना खाता					**दि.वि.प्रा. प्रदूषण जुर्माना खाता**				
बचत पर प्राप्त ब्याज	0.01								
निवेश पर प्राप्त ब्याज	0.33		0.17						
निवेश का नकदीकरण	6.70	7.03	3.05	3.22	किया गया निवेश		7.03		3.22
सिरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरुद्धार					**सिरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरुद्धार**				
निवेश का नकदीकरण	1.36				किया गया निवेश		1.43		
बचत पर प्राप्त ब्याज	0.06								
निवेश पर प्राप्त ब्याज	-	1.43	0.00	0.00					
अन्य विभागों से दिविप्रा में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों की कर्मचारी लाभ योजनाएं	0.00		0.00		**अन्य विभागों से दिविप्रा में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों की कर्मचारी लाभ योजनाएं**	0.00		0.00	
भविष्य निधि	0.35		0.43		भविष्य निधि	1.08		1.81	
स्टाफ के वेतन से एलआई प्रीमियम की	-	0.35		0.43	उपदान निधि		1.08		1.81
वूसली									
आकस्मिक आरक्षित निधि					**आकस्मिक आरक्षित निधि**				
निवेश का नकदीकरण	462.34		1,316.58		किया गया निवेश			1,429.22	
आकस्मिक निवेश पर ब्याज	103.22		139.68						
आकस्मिक में बचत पर ब्याज	0.45		0.81						
आकस्मिक में पेंशन से प्राप्त राशि	11.55		147.38		आकस्मिक से पेंशन फंड ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि			153.15	
आकस्मिक से नजूल-II से प्राप्त राशि	516.18		1,355.88		आकस्मिक से नजल-II को भुगतान की गई राशि	501.77	1,041.01	1,398.45	2,980.82
आकस्मिक में यूडीएफ से प्राप्त राशि		1,093.74	5.98	2,966.31					
बयाना राशि जमा/पंजीकरण राशि					**बयाना राशि जमा/पंजीकरण राशि**				
हाउसिंग स्कीम		117.76		222.06	हाउसिंग स्कीम		228.26		375.77
सामूहिक बीमा योजना					**सामूहिक बीमा योजना**				

प्राप्तियां (करोड़ रु. में)					भुगतान (करोड़ रु. में)				
लेखा शीर्ष	**2022-23**		**2021-22**		**लेखा शीर्ष**	**2022-23**		**2021-22**	
कर्मचारियों से प्राप्त अंशदान		0.03		0.04	कर्मचारियों को भुगतान		0.08		0.10
अग्रिम राशि / समायोजन		0.69		8.40	कर्मचारी अग्रिम राशि		5.29		49.00
जमा एवं प्रतिधारण		329.68		107.51	जमा एवं प्रतिधारण		300.07		99.57
डिपॉजिट वर्क		1.44		3.05	डिपॉजिट वर्क		14.17		3.96
					संपत्ति कर		0.81		1.33
सांविधिक कटौती/संग्रहण- कर, शुल्क एवं उपकर		172.33		197.41	सांविधिक कटौती/संग्रहण कर, शुल्क एवं उपकर		250.06		197.46
इंटर यूनिट खाते		3,195.26		3,660.91	इंटर यूनिट खाते		3,195.26		3,660.91
जीडीए में नजूल-II से प्राप्त राशि		2,296.56		1,820.98	जीडीए से नजूल-II को भुगतान की गई राशि		923.54		535.74
जीडीए में पीआरएमबी ट्रस्ट से प्राप्त राशि		4.01		1.00	जीडीए से पीआरएमबी ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि		50.01		35.00
जीडीए में नजूल-I से प्राप्त राशि		1.57		6.78	जीडीए से नजूल-I को भुगतान की गई राशि		4.66		3.72
जीडीए में पेंशन निधि ट्रस्ट से प्राप्त राशि		0.02			जीडीए से पेंशन निधि ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि		390.02		259.10
जीडीए में उपदान निधि ट्रस्ट से प्राप्त राशि		-			जीडीए से उपदान निधि ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि		30.00		14.18
जीडीए में सामान्य भविष्य निधि से प्राप्त राशि		29.21		51.29	जीडीए से सामान्य भविष्य निधि को भुगतान की गई राशि		113.19		103.17
जीडीए में छुट्टी नकदीकरण निधि से प्राप्त राशि		0.10		1.14	जीडीए से छुट्टी नकदीकरण फंड ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि		0.17		37.11
					ट्रस्ट अकाउंट को अंतरित सामान्य भविष्य निधि का बैंक शेष अंतरण				
					अंत शेष				
					नकद रोकड	0.00		0.01	
					बचत खातो में शेष	896.99		1,412.37	
					रेमीटेन्स इन ट्रान्जिट	11.84		4.45	
						908.83		**1,416.82**	
					घटाएँ: निम्नलिखित से संबंधित लेनदेन का शेष:				
					नजूल I	9.11		6.44	
					नजूल II	519.39		850.19	
					नजूल II में विशेष जमा				
					जोड़ें: सावधि जमा-सामान्य निवेश		380.23		560.19
कुल		**14,086.83**		**19,935.23**	**कुल**		**14,086.83**		**19,935.23**

हस्ता/-
लेखाधिकारी (लेखा मुख्य)

हस्ता/-
उप मुख्य लेखाधिकारी (लेखा)

हस्ता/-
निदेशक(वित्त)

हस्ता/-
मुख्य लेखाधिकारी

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

अनुसूची-ए

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31-मार्च-2023 को		31-मार्च-2022 को	
आरक्षित निधि एवं अधिशेष				
राजस्व खाते में अधिशेष				
प्रारंभिक शेष	7,608.17		8,061.14	
सी.डब्ल्यू.जी. आरक्षित निधि से अंतरित				
जोडें: ई.डब्ल्यू.एस. आवास आरक्षित निधि से अंतरित राशि	-185.00		-	
घटाएँ: आकस्मिक आरक्षित निधि को अंतरित आकस्मिक आरक्षित निधि पर ब्याज आय	-76.43		-73.40	
जोडें: वर्ष के दौरान व्यय पर आय की अधिकता	-179.26	**7,167.48**	-379.58	**7,608.17**
विशिष्ट आरक्षित निधि				
आकस्मिक आरक्षित निधि				
प्रारंभिक शेष	1,416.55		1,397.48	
जोडे: राजस्व खाते में अधिशेष से अंतरित ब्याजआय	76.43		73.40	
घटाएं: पैंशन फंड ट्रस्ट से प्राप्त राशि	11.55		-5.77	
घटाएं : नजूल-II से प्राप्त राशि	14.41		-42.57	
घटाएं : यूडीएफ को राशि देय	-	**1,518.94**	-5.98	**1,416.55**
आवास अग्नि जोखिम के लिए आरक्षित निधि				
प्रारंभिक शेष	3.99		3.99	
जोडे: वर्ष के दौरान वूसल किया गया आवास अग्नि जोखिम प्राशुल्क		3.99		3.99
कुल		**8,690.41**		**9,028.71**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

अनुसूची-बी

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31-मार्च-2023 को	31-मार्च-2022 को
निर्धारित /अक्षय निधि		
1) शहरी विकास निधि		
प्रारंभिक शेष	4,997.87	5,331.05
जोडे: निधियों में जोड़ी गई राशि		
वर्ष के दौरान प्राप्त परिवर्तन प्रभार	120.06	51.26
निवेश पर अर्जित ब्याज तथा बचत बैंक ब्याज	251.70	253.21
अन्य ब्याज	6.37	-
आकस्मिक राशि से प्राप्त राशि	-	5.98
घटाएं: निधि के उददेश्य के लिए उपयोग/व्यय		
वर्ष के दौरान संवितरण (दिया गया अनुदान)	-689.76	-641.36
नजूल- II को किया गया भुगतान	-65.57	2.29
सीएमएफ से यूडीएफ को देय राशि	-	
उपदान-यूडीएफ से प्राप्त योग्य	-	-
पेंशन फंड ट्रस्ट को भुगतान की गई राशि	-	-4.56
अंत शेष (क्रेडिट)	**4,620.67**	**4,997.87**
2) व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी फंड		
प्रारंभिक शेष	0.80	0.76
जोडे: निधि में जोड़ी गई राशि		
वर्ष के दौरान प्राप्त अंशदान	0.05	0.04
घटाएं: वर्ष के दौरान फंड के उद्देश्यों के लिए उपयोग/व्यय		
वर्ष के दौरान संवितरण		
अंत शेष (क्रेडिट)	**0.85**	**0.80**
3) हितकारी निधि		
प्रारंभिक शेष	0.34	0.70
जोडे: फंड में जोड़ी गई राशि		
कर्मचारियों से प्राप्त अंशदान	0.65	0.93
घटाएं: फंड के उद्देश्यों के लिए उपयोग/व्यय		
वर्ष के दौरान संवितरण	-0.12	-1.29
अंत शेष (क्रेडिट)	**0.87**	**0.34**
4) कर्मचारी हित निधि		
प्रारंभिक शेष	0.54	0.67

विवरण	31-मार्च-2023 को	31-मार्च-2022 को
वर्ष के दौरान अंशदान		-
निवेश पर अर्जित ब्याज	0.03	0.02
अंत शेष (क्रेडिट)	**0.57**	**0.54**
5) सिविल कार्य रख-रखाव निधि-आवास योजना 2010 से आगे		-
प्रारंभिक शेष	731.22	684.00
जोड़ें : निधि में जोड़ी गई राशि		-
आबंटितियों से प्राप्त अंशदान	19.65	14.02
निवेश पर ब्याज	34.80	30.34
निवेश की खरीद पर छूट		-
नजूल II से प्राप्त राशि	-0.93	-3.69
घटाएं : निधि के उद्देश्यों के लिए उपयोग/व्यय		-
ओ.टी.एम. से संग्रहित धन वापसी (रिफंड)	-	-
घटाएं : एस्क्रो अकाउंट में अंतरण निधि		-
पेंशन निधि ट्रस्ट संवितरण से प्राप्य राशि	-	-
ईएफएम से प्राप्त राशि	-	6.55
वर्ष के दौरान संवितरण		**-**
अंत शेष (क्रेडिट)	**784.74**	**731.22**
6) विद्युत कार्य रखरखाव निधि-आवास योजना-2014 से आगे		-
प्रारंभिक शेष	103.61	101.79
जोड़ें : निधि में जोड़ी गई राशि		-
आबंटितियों से प्राप्त अंशदान	8.53	3.90
निवेश पर ब्याज	5.24	4.18
घटाएं : नजूल II को देय	-	0.29
घटाएं : सीएमएफ को देय राशि	-	-6.55
घटाएं : निधि के उद्देश्यों के लिए उपयोग/व्यय	-	-
घटाएं :एस्क्रो अकाउंट में अंतरण निधि		-
वर्ष के दौरान संवितरण		**-**
अंत शेष (क्रेडिट)	**117.38**	**103.61**
7) यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि		
प्रारंभिक शेष	7.20	6.86
जोड़ें : निधि में जोड़ी गई राशि		
ब्याज आय	0.35	0.34
घटाएं : निधि के उद्देश्यों के लिए उपयोग/व्यय		
पूर्व अवधि व्यय		
अंत शेष (क्रेडिट)	**7.55**	**7.20**

विवरण	31-मार्च-2023 को	31-मार्च-2022 को
8) विशेष विकास निधि		
प्रारंभिक शेष	35.34	9.13
जोड़ें : निधि में जोड़ी गई राशि	69.29	21.93
जोड़े : ब्याज आय	1.47	
जोड़े : बचत ब्याज	0.30	0.30
घटाएं : व्यय	-0.19	-2.73
घटाएं : नजूल - II को किया गया भुगतान	**-21.32**	**6.70**
अंत शेष (क्रेडिट)	**84.89**	**35.34**
9) ई.डब्ल्यू.एस. आवास आरक्षित निधि		
प्रारंभिक शेष	323.78	303.58
आरक्षित और अधिशेष से अंतरित राशि	185.00	
घटाएं : उपयोग/वसूली योग्य		
नजूल- II से देय राशि	5.46	4.05
नजूल- II से प्राप्य राशि		
पेंशन निधि ट्रस्ट से प्राप्य राशि	-	-
ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित आय एवं व्यय		
आय	227.64	320.92
व्यय	**-208.40**	**-304.76**
पूर्व अवधि व्यय से अंतरित राशि	**-71.35**	
अंत शेष (क्रेडिट)	**462.13**	**323.78**
कुल योग	**6,079.66**	**6,200.71**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

अनुसूची-सी

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31-मार्च-2023 को	31-मार्च-2022 को
चालू देयताएं एवं प्रावधान		
क. चालू देयताएं		
विविध लेनदार		
- व्यय के लिए	76.68	108.12
- भूमि के लिए	3.82	127.23
नजूल-II को देय	9,623.64	8914.56
सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ ट्रस्ट को देय	303.43	234.13
उपदान ट्रस्ट को देय	-	18.07
पैंशन निधि ट्रस्ट को देय	1,807.23	1520.92
ख. अन्य देयताएँ		
उचंत खाता	13.26	13.19
अन्य देयताएँ	20.92	20.92
जमा एवं प्रतिधारण	378.99	462.46
बयाना जमा राशि/पंजीकरण राशि (आवासीय एवं व्यावसायिक)	24.97	24.97
दि.वि.प्रा. की विभिन्न आवासीय योजनाओं के आबंटितियों से अग्रिम	410.15	591.85
आबंटितियों से अग्रिम-एमओआर भूमि	9.06	0.62
शाखा/डिवीजन	-	-
ग. प्रावधान		
जमा राशि पर उपार्जित ब्याज	11.88	10.81
घ. सांविधिक देयताएँ		
अतिदेय	-	-
अन्य	94.74	82.65
कुल	**12,778.79**	**12,130.49**

दिल्ली विकास प्राधिकरण
सामान्य विकास खाता
वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची
अनुसूची-डी

(राशि करोड़ रुपये में)

PARTICULARS	सकल ब्लॉक					मूल्यह्रास					निवल ब्लॉक	
	01.04.2022 को सकल लागत	परिवर्धन	पूर्व अवधि	बिक्री/ समायोजन	31.03.2023 को कुल योग	31.03.2022 तक	वर्ष के लिए मूल्यह्रास	बिक्री	पूर्व अवधि समायोजन	31.03.2023 तक	31.03.2023 को डब्ल्यू. डी.वी.	31.03.2022 को डब्ल्यू. डी.वी.
भूमि	24.72	-			24.72	-	-			-	24.72	24.72
कार्यालय भवन, स्टोर एवं गोदाम	48.88	3.97			52.85	39.60	1.27			40.87	11.98	9.28
किराये पर दी गई सम्पत्तियाँ	44.65	-			44.65	39.79	0.49			40.28	4.37	4.86
समाज सदन/ पिकनिक हट / पर्यटन परिसर	50.19	-			50.19	28.32	2.19			30.51	19.68	21.87
स्टाफ क्वार्टर	127.46	-			127.46	48.60	3.94			52.55	74.91	78.86
मोटर वाहन	5.64	-	-	0.69	4.95	5.45	0.18	-0.94	-	4.69	0.95	1.26
ऑफिस फर्नीचर एवं फिटिंग	14.45	0.52			14.97	9.01	0.57		0.01	9.56	5.40	5.45
अन्य कार्यालय उपस्कर	5.22	0.05			5.26	4.20	0.16			4.35	0.91	1.02
विद्युत स्थापन एवं उपस्कर	15.34	0.17			15.51	9.61	0.88			10.49	5.03	5.74
संयंत्र एवं मशीनरी एवं अन्य उपस्कर	0.40	7.65			8.06	0.39	1.15			1.54	6.52	0.01
प्रिंटिंग प्रेस उपस्कर	1.42	-			1.42	1.28	0.02			1.30	0.12	0.14
कम्प्यूटर	52.62	7.07		-	59.69	45.40	4.95			50.35	9.34	7.22
योग	**391.00**	**19.42**	**-**	**0.69**	**409.74**	**231.66**	**15.79**	**-0.94**	**0.01**	**246.49**	**163.93**	**160.44**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

अनुसूची-ई

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
निर्धारित/अक्षय निधियों की परिसम्पतियाँ				
सरकारी प्रतिभूतियाँ				
(i) केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियाँ	-	-	-	-
सामान्य भविष्य निधि				
(ii) राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ				
सिविल कार्य रखरखाव निधि	513.10		493.23	
शहरी विकास निधि	3,111.12		3,363.89	
विद्युत रखरखाव निधि	15.11		71.88	
ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षित आवास	32.52		33.51	
सामान्य भविष्य निधि	-	3,671.85	-	3,962.51
ऋण पत्र एवं बॉण्ड	-	-	-	-
सामान्य भविष्य निधि				
म्युचुअल फण्ड				
सामान्य भविष्य निधि				
सांवधिक जमा राशियों में				
शहरी विकास निधि	1,226.00		1,337.78	
सिविल कार्य रखरखाव निधि	166.19		125.97	
ध्वनि प्रदूषण जमा	0.57		0.57	
विद्युत कार्य रखरखाव निधि	31.16		9.95	
यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि	7.03		6.70	
एसडीएफ-विशेष विकास निधि	36.80		-	
सीरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरूद्धार	1.43		1.36	
कर्मचारी हितकारी निधि	0.33		0.32	
		1,469.51		1,482.65
बचत बैंक खातों में				
शहरी विकास निधि	8.32		2.38	
ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षित आवास	5.47		50.24	
सीरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरूद्धार	0.01		0.01	
सिविल कार्य रखरखाव निधि	15.54		26.53	
विद्युत कार्य रखरखाव निधि	60.20		16.46	
यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि	0.28		0.28	
विशेष विकास निधि	13.01		28.23	

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
		102.84		124.13
निवेश पर उपार्जित ब्याज				
शहरी विकास निधि	83.34		67.31	
सिविल कार्य रखरखाव निधि	14.34		12.26	
विद्युत कार्य रखरखाव निधि	1.69		0.74	
सीरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरूद्धार	0.02		0.01	
यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि	0.27		0.25	
ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षित आवास	0.17		0.17	
आकस्मिक निधि	-		-	-
कर्मचारी हितकारी निधि	0.01		-	
विशेष विकास निधि	1.47	101.31	-	80.74
विशेष जमा				
ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षित आवास				
शहरी विकास निधि (यूडीएफ)	-	-	-	-
अन्य परिसंपत्तियाँ - ई.डब्ल्यू.एस. हाउसिंग रिजर्व				
1. वस्तु सूचियाँ				
प्रगतिधीन - निर्माणाधीन आवास	1,360.57		1,753.58	
तैयार स्टॉक- निर्मित आवास	821.33		1,000.09	
2. ठेकेदार को अग्रिम	0.00		25.66	
		2,181.90		2,779.34
कुल		**7,527.41**		**8,429.41**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

अनुसूची-एफ

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
क. वर्तमान परिसम्पतियाँ				
1. माल सूची				
भण्डार गृह	5.16		5.16	
भूमि- अविकसित भूमि	19.05		19.07	
प्रगतिधीन कार्य			-	
भूमि - विकासाधीन	1.32		1.32	
आवास - निर्माणाधीन	10,900.05		9,323.95	
व्यावसायिक संपदा- निर्माणाधीन	14.87		14.86	
तैयार स्टॉक -			-	
विकसित भूमि	107.99		107.99	
आवास - निर्मित (तैयार स्टॉक- आवास)	4,405.34		4,854.17	
व्यावसायिक संपदा - निर्मित	531.25		531.28	
सी डब्ल्यू जी फ्लैट- (आबंटितियों से फर्नीचर आदि के संबंध में कुल वसूलियां)	**156.31**	**16,141.33**	**196.28**	**15,054.08**
2. विविध देनदार		**540.47**		**479.59**
3. नकद और बैंक शेष -				
उपलब्ध नकद राशि	0.00		0.00	
बैंक में शेष राशि-अनुसूचित बैंकों में				
चालू खातों में				
बचत बैंक खातों में	791.48		1,273.73	
ट्रांजिट में प्रेषित राशि	11.84		4.45	
घटायें: निम्नलिखित लेनदेन से संबंधित शेष राशि			-	
नजूल- I	-9.11		-6.44	
नजूल- II	-519.39		-850.19	
विशेष जमा नजूल-II	-		-	
जमा खाते में- सामान्य निवेश	**3.50**	**278.32**	**0.17**	**421.72**
4. बीमा कम्पनियों में निवेश	0.30	**0.30**	0.30	**0.30**
5. आरक्षित निधि निवेश एवं बैंक शेष				
आकस्मिक आरक्षित निधि				
बैंक शेष		**2.68**		**14.50**
बैंक में सावधि जमा	365.74		256.59	
सरकारी प्रतिभूतियां	1,070.03	**1,435.77**	1,134.63	**1,391.22**

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
ख. ऋण, अग्रिम एवं अन्य परिसंपत्तियाँ				
1. ऋण				
(क) स्टाफ	6.19		5.31	
(ख) भावी किराया खरीद किश्तें	132.19		93.04	
घटायें :भविष्य का ब्याज	-58.45		-39.54	
	73.74	**79.93**	53.50	**58.81**
2. नकद में या किसी वस्तु के रूप में या प्राप्त/समायोजित किए जाने वाले मूल्य के रूप में वसूली जाने योग्य अग्रिम राशि				
ठेकेदारों को अग्रिम राशि	5.92		174.62	
जमा कार्य	158.33		144.54	
वसूली योग्य इनपुट वैट	0.10		0.10	
वापसी योग्य वैट	-		-	
प्राप्त होने योग्य आयकर वापसी	62.42		58.03	
छुट्टी नकदीकरण फंड ट्रस्ट से वसूली योग्य	40.45		57.75	
उपदान निधि ट्रस्ट से वसूली योग्य	5.41		-	
सामान्य भविष्य निधि ट्रस्ट से वसूली योग्य	243.55		159.57	
आयकर प्राधिकारी के पास जमा	88.18		15.18	
नजूल- I से वसूली योग्य	435.04		409.17	
सेवा कर प्राधिकरण	33.870		33.86	
निगम कर प्राधिकरण से अग्रिम	195.86		195.86	
अन्य विविध अग्रिम/वसूली योग्य राशि	68.94	**1,338.08**	47.97	**1,296.65**
3. सामान्य निवेश पर उपार्जित ब्याज		-		-
4. आरक्षित निधि निवेश पर उपार्जित ब्याज		28.58		23.47
5. बचत बैंक ब्याज पर उपार्जित ब्याज		3.04		3.04
6. ठेकेदार अग्रिम पर उपार्जित ब्याज		9.03		16.84
कुल		**19,857.52**		**18,760.17**

दिल्ली विकास प्राधिकरण

सामान्य विकास खाता

वित्तीय विवरण का भाग बनने वाली अनुसूची

(राशि करोड़ रु में)

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
अनुसूची- जी				
बिक्री / सेवाओं से आय				
भूमि की बिक्री से प्रीमियम		139.48		2.59
आवासों की बिक्री				
ई.डब्ल्यू.एस.	187.82		3.96	
अन्य	636.92	824.75	748.14	752.10
दुकानों की बिक्री		1.87		2.81
लाइसेंस शुल्क		50.59		44.29
किराया खरीद किश्तों पर ब्याज		20.24		1.61
कुल		**1,036.92**		**803.40**
अनुसूची- एच				
निवेश एवं बचत बैंक खातों से आय				
सामान्य निवेश से आय		-		-
बचत बैंक ब्याज-जीडीए		6.51		6.47
ई.डब्ल्यू.एस. आवास आरक्षित निधि		1.91		7.36
आकस्मिक आरक्षित निधि		76.43		73.40
सीरी फोर्ट वन क्षेत्र का पुनरूद्धार		0.07		0.07
विशेष विकास निधि	1.47			
सिविल कार्य रखरखाव निधि	34.80		30.34	
शहरी विकास निधि	251.70		253.21	
सामान्य भविष्य निधि	-		-	
विद्युत कार्य रख-रखाव निधि	5.24		4.18	
यमुना प्रदूषण जुर्माना निधि	0.35		0.34	
कर्मचारी हित लाभ निधि	0.03		0.02	
कुल	**293.59**		**288.10**	
घटाएँ : निर्धारित निधि में अंतरण	-293.59	-	-288.10	-
कुल		**84.92**		**87.30**

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
अनुसूची - आई				
भू-भाटक		2.64		2.17
सेवा प्रभार		0.00		1.28
भवन नक्शा शुल्क		0.00		0.00
कमी और बहाली शुल्क		0.00		0.21
अन्य आवास प्राप्तियाँ		43.33		28.42
नजूल - I से ब्याज आय		14.38		10.52
अन्य राजस्व		141.03		113.08
परिसंपत्तियों की बिक्री से लाभ		0.03		-
कुल		**201.41**		**155.67**
अनुसूची - जे.1				
स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्यों में वृद्धि ई.डब्ल्यू.एस.				
अंतशेष - स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य				
प्रगतिधीन निर्माण कार्य-				
आवास-निर्माणाधीन	1360.57		1753.58	
तैयार स्टॉक -				
आवास-निर्मित	821.33	2,181.90	1000.10	2,753.68
आरंभिक - स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य				
प्रगतिधीन निर्माण कार्य -				
आवास-निर्माणाधीन	1753.58		1443.65	
घटाएँ : पूर्व अवधि समायोजन	-609.69			
तैयार स्टॉक				
आवास-निर्मित	1000.10	2,144	1000.42	2,444.07
स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य में वृद्धि/(कमी)		**37.91**		**309.61**
अनुसूची - जे.2				
स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्यों में वृद्धि				
अंतशेष - स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य				
भण्डार	5.16		5.16	
स्टॉक इन ट्रेड				
भूमि-अविकसित भूमि	19.05		19.07	
प्रगतिधीन निर्माण कार्य				

विवरण	31 मार्च, 2023 को		31 मार्च, 2022 को	
भूमि-विकासाधीन	1.32		1.32	
आवास-निर्माणाधीन	10,900.05		9323.95	
व्यावसायिक संपदा- निर्माणाधीन	14.87		14.86	
तैयार स्टॉक-				
विकसित भूमि	107.99		107.99	
आवास-निर्मित	4,405.34		4854.17	
व्यावसायिक संपदा-निर्मित	531.25		531.28	
राष्ट्रमण्डल खेल फ्लैट	156.31	16,141.33	196.22	15,054.02
आरंभिक - स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य				
भण्डार	5.16		5.16	
स्टॉक इन ट्रेड	-		-	
भूमि-अविकसित भूमि	19.07		19.07	
प्रगतिधीन निर्माण कार्य-	-		0.00	
भूमि-विकासाधीन	1.32		1.32	
आवास- निर्माणाधीन	9,323.95		7731.68	
व्यावसायिक संपदा-निर्माणाधीन	14.86		14.65	
तैयार स्टॉक-	-		0.00	
विकसित भूमि	107.99		107.99	
आवास - निर्मित	4,854.17		5286.02	
व्यावसायिक संपदा- निर्मित	531.28		505.36	
राष्ट्रमण्डल खेल फ्लैट	196.22	15,054.02	312.59	13,983.83
स्टॉक एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्य की प्रगति में वृद्धि/ (कमी)		**1,087.31**		**1,070.18**

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

GENERAL DEVELOPMENT ACCOUNT

SCHEDULES FORMING PART OF FINANCIAL STATEMENTS

(Amount INR in Crores)

PARTICULARS	FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2023		FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2022	
SCHEDULE - K				
ESTABLISHMENT				
Pay & Allowances	381.90		358.45	
Travel & Conveyance	3.71		1.42	
Medical Expenses	12.05		14.63	
Exgratia	1.54		2.59	
Employer Contribution to Gratuity Fun	6.52		6.74	
Employer Contribution to Pension Fund	676.31		529.84	
leave encashment disbursement	-		-	
Contribution to Post Retirement Medical	115.30		116.52	
Contribution to Leave Encashment Fund	17.36		22.64	
Contribution to Benevolent Fund	0.33		-	
Contribution to New Pension Scheme	38.80		13.10	
Staff Welfare	1.37		1.43	
ADMINISTRATION				
Fees & Honorarium	7.78		12.67	
Entertainment	0.54		0.52	
Law Charges	5.74		3.43	
Vehicle Running & Maintenance	5.89		4.71	
Repairs & Maintenance Others	3.17		9.23	
Printing, Stationery & Advertisement	7.98		10.86	
Rates & Taxes	6.81		6.20	
Telephones	4.34		1.38	
Loss on Sale of Fixed assets	-		-	
Interest on Registration Money	1.07		1.07	
Audit Fees	0.20		0.20	
Other Miscellaneous Expenses	20.3	1,319.03	3.93	1,121.56

PARTICULARS	FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2023		FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2022	
Less: Recoveries from Works & Other Acc	-		-	
Works	-217.39		-145.94	
Delhi Master Plan	-1.10		-0.57	
Nazul I	-9.91		-3.03	
Nazul II	-749.12	-977.52	-535.79	-685.33
Total		**341.51**		**436.23**
SCHEDULE-L				
PRIOR PERIOD & EXTRAORDINARY ITEMS				
A) PRIOR PERIOD ITEMS:				
PRIOR PERIOD INCOME				
1) Houses - Built Up	-609.69		**-**	
2) Work in Progress- Houses and Com	-		**-**	
3) Sale of Houses	-		**-**	
4) Interest from Nazul I	-		**-**	
5) Others	3.43	-606.26	-6.28	-6.58
Less:-PRIOR PERIOD EXPENSE				
1) Houses - Built Up - EWS	538.34		-	
2) Interest to Nazul II	-			
3) Others	-0.61	537.73		**-**
TOTAL		**-68.53**		**-6.58**

दिल्ली विकास प्राधिकरण
सामान्य वकिास खाता
वित्तीय ववरिण का भाग बनने वाली अनुसूची
अनुसूची एम

(राशि करोड़ रुपये में)

